पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 06 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 05-03-2023

दिनांक 04/05-03-2023 को रात्रि थाना कृष्णानगर 01, वजीरगंज 04, विभूतिखण्ड 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 06 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना माल- दिनांक 04-03-2023 को उ0नि0 प्रभात कुमार शुक्ला थाना माल जनपद लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- दुलारे पुत्र मन्सा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम थावर थाना माल जनपद लखनऊ को गैस गोदाम टावर से सरथरा रोड पर ग्राम थावर थाना माल जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

थाना माल- दिनांक 04-03-2023 को म0उ0नि0 विस्मिता चौधरी थाना माल जनपद लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- रामकुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 52 वर्ष ग्राम वीरपुर ग्राम पंचायत माल थाना माल जनपद लखनऊ को उमा देवी कॉलेज के पास ग्राम कस्बा माल थाना माल जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 दक्षिणी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना नगराम- दिनांक 04-03-2023 को उ0नि0 अवधेश कुमार यादव थाना नगराम जनपद लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- ओम प्रकाश पुत्र बैजनाथ निवासी धोविया मजरा कमालपुर विचलका थाना नगराम जनपद लखनऊ 02- फिरोज पुत्र फूल चन्द्र निवासी भजाखेड़ा मजरा नवीननगर थाना नगराम जनपद लखनऊ को भैषनाह पुल से तमौरिया जाने वाले माईनर की पटरी ग्राम करोरा थाना नगराम जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 02 प्लास्टिक की पिपिया में करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना नगराम पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

चिनहट-(सुसाइड)- दिनांक 05-03-2023 को थाना चिनहट जनपद लखनऊ द्वारा बताया गया कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल थाना विभूतिखण्ड जनपद लखनऊ द्वारा थाना चिनहट पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 05-03-2023 को समय करीब 12.21 बजे दोपहर श्याम यादव उम्र करीब-28 वर्ष पुत्र रामसरन निवासी भुजंगीपुरवा चौकी मल्हौर थाना चिनहट जनपद लखनऊ को मृत अवस्था में इस चिकित्सालय में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री यसवन्त सिंह मो0-8738060793 थाना चिनहट द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 05-03-2023 को समय करीब 09.30 बजे प्रातः श्याम यादव उम्र करीब-28 वर्ष पुत्र रामसरन निवासी भुजंगीपुरवा चौकी मल्हौर थाना चिनहट जनपद लखनऊ ने अपने उक्त घर के कमरे के छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी है। मृतक की भुजंगीपुरवा मल्हौर थाना चिनहट में लोहे की दुकान है। घटना के समय मृतक श्यामू घर में अकेला था व पत्नी कुछ दिनों पूर्व अपने मायके चली गयी थी। मृतक के कोई बच्चा नहीं था।